(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार ने क्या उपाय किए हैं ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

भूमि रिकार्डों को अद्यतन बनाने के लिए धनराशि

7084. **श्री अजीत जोगी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को भूमि रिकार्डों को अद्यतन बनाने हेतु वर्ष 1990–91 तथा 1991–92 के दौरान कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा प्रदान की गई है ;

(ख) क्या सरकार को इस संबंध में कुछ प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और वे सरकार के विचाराधीन हैं; और

(ग) क्या सरकार योजनागत परिव्यय में वृद्धि करने का विस्तार रखती है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को भू-अभिलेखों को अद्यतन बनाने हेतु निधियां, राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ बनाने और भू-अभिलेखों को उद्यतन करने की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत रिलीज की जाती हैं। योजना के अंतर्गत 1990–91 और 1991–92 के दौरान रिलीज की गई राशि के ब्यौरे संलग्न विवरण में दर्शाये गये हैं। *(नीचे देखिए)*

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अभी तक इस योजना के अंतर्गत निधियों की रिलीज हेतु प्रस्ताव केवल अरुणाचल प्रदेश सरकार से प्राप्त हुआ है जिसपर कार्रवाई की जा रही है।

(ग) योजना के अंतर्गत योजना परिव्यय में सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 20.81 करोड़ रुपए की तुलना में 8वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वृद्धि करके इसे 175.00 करोड़ रुपए किया गया है। चालू वर्ष (1994–95) में इस योजना के लिए 27.47 करोड़ रुपए हैं। इस समय 8वीं पचवर्षीय योजना परिव्यय में और वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

विवरण

1990-91 और 1991–92 के दौरान राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ बनाने और भू-अभिलेखों को अद्यतन करने की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को केन्द्रीय अंश के रूप में निधियों की रिलीज

(लाख रुपये में)

क्रमांक	राज्य/संघशासित क्षेत्र का नाम	रिलीज की गई निधियां	
		1990-91	1991-92
1.	अरूणाचल प्रदेश	1.00	—
2.	असम	50.00	—
3.	बिहार	150.00	—

1	2	3	4
4.	गुजरात	100.00	—
5.	गोवा	30.00	4.00
6.	हरियाणा	50.00	25.00
7.	हिमाचल प्रदेश	110.00	—
8	कर्नाटक	7.50	100.00
9.	केरल	75.00	—
10.	मध्य प्रदेश	12.45	143.975
11.	महाराष्ट्र	189.84	10.75
12.	मेघालय	50.00	—
13.	मिजोरम	—	29.50
14.	नागालैंड	17.50	6.50
15.	उड़ीसा	—	55.215
16.	पंजाब	142.50	165.87
17.	राजस्थान	70.00	43.48
18.	सिक्किम	16.00	—
19.	तमिलनाडु	10.00	74.00
20.	पश्चिम बंगाल	200.00	173.75
21.	अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह	10.68	—
22.	चंडीगढ़	15.00	17.00
23.	दिल्ली	25.00	17.00
24.	दमन व दीव	—	6.50
25.	पांडिचेरी	10.00	32.88
	कुल :	1362.47	905.42

Use of funds for J.R.Y.

1085. SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the allocation of funds in current plan outlay for Jawahar Rozgar Yojana in subject to be used in the backward districts of States;

(b) what are the details thereof;

(c) whether Government have launched two new schemes named Million Wells Scheme and Indira Awas Yojana and provided special allocations of funds on the basis of proportion of rural poor in the State/Union Territories to the total number of rural poor;

(d) whether funds would be placed at the disposal of the concerned Zila Parishad and earmarked for special and innovative projects; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF RURAL